nandgaon times sep-20-4.qxd 9/19/2025 11:56 PM Page 1

गरबा के नाम पर अश्लीलता... पृष्ठ 2 | नगर निगम के सभी विभाग के... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

शनिवार, 20 सितंबर 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 328, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

प्रदेश में नक्सलवाद समाप्त कर गढ़ेगें विकास की राह : मुख्यमंत्री साय

बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम के आयोजन से लोगों में बढ़ा सरकार के प्रति विश्वास, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के संकल्प को पूरा करने राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कर रही है काम

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय गुरूवार को सुदर्शन चौनल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में साक्षात्कार के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को समाप्त कर लोगों का विश्वास जीतना और विकास की दिशा में आगे बढ़ना हमारी सरकारी की प्रमुख उद्देश्यों में से एक है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार इस उद्देश्य को धरातल पर लाने के लिए नियद नेल्लानार योजना के माध्यम से लोगों के जीवन स्तर को उन्नत बनाने का कार्य कर रही है। अब तक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 327 गांव आबाद हो चुके हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। नक्सलियों की गतिविधियों से निर्दोष लोगों की मौत हो रहीं थी, आम लोगों की रक्षा करना सरकार का दायित्व है। हमारी सरकार ने नक्सलवाद को 31 मार्च 2026 तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। सरकार बनने के बाद ज्वाइंट टास्क फोर्स का गठन कर नक्सलवाद को समाप्त करने प्रयास जारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का संकल्प 2047 तक भारत को विकसित भारत के रुप में खड़ा करना है। यह संकल्प सबकी सहभागी से पूरा हो और इस संकल्प को पूरा करने केन्द्र और राज्य सरकार का निरंतर कार्य कर रही है। एक नया भारत का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प के साथ ही विकसित अंजोर विजन (छत्तीगढ़ विजन) डॉक्यूमेंट 2047 तैयार कर राज्य के विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सभी को विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में सहयोग करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जा रहा है, ताकि शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सके। वनांचल में तेंदूपत्ता खरीदने का कार्य सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा है। इसके साथ ही बस्तर के लोगों में नक्सलवादी विचारधारा को जागरूक करने एवं विकास की धारा में जोड़ने के उद्देश्य से

बस्तर ओलंपिक व बस्तर पंडुम का आयोजन किया जा रहा है। बस्तर ओलंपिक में 1 लाख 65 हजार लोग शामिल होकर यह साबित किए हैं कि वे विकास की मार्ग पर आगे बढना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने अपने विदेश यात्रा को लेकर बताया कि हमारी यात्रा सफल रही जापान और कोरिया में देश का पवेलियन लगा था, हमें 24 से 31 अगस्त तक का समय मिला था जहां सभी क्षेत्र की कला को प्रदर्शित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए विदेश उद्योगपतियों को आमंत्रित किए हैं। नई उद्योग नीति के संबंध में भी जानकारी दिए गए हैं। नई उद्योग नीति में रोजगार को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ में उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। यहां नैसर्गिक संपदा है, आयुर्वेदिक के लिए हर्बल प्लांट के हिसाब से देखा जाए तो यहां 44 प्रतिशत वन है। उन्होंने दूरस्थ वनांचलों में भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में कफी विकास हुआ है। प्रदेश में वर्तमान में 15 मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, एन आई टी, आई आई एम, नेशनल ला यूनिवर्सिटी सहित उच्च शिक्षण संस्थान की स्थापना की गई है स भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के योगदान से यहां एम्स की भी स्थापना हुई है। अब स्वास्थ्य के लिहाज से यहां के लोगों को प्रदेश से बाहर जाना नहीं पड़ेगा। वहीं यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। 18 स्थानीय बोली भाषा में पाठ्य पुस्तक बनाकर छात्रों को उपलब्ध करा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने लोगों को आग्रह करते हुए कहा कि आज गाय सड़क पर विचरण कर रहीं हैं, हमें गायों को लावारिस नहीं छोड़ना चाहिए। लावारिस जानवरों के कारण दुर्घटनाएं हो रही है। गौवंश की रक्षा का दायित्व हम सभी का है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रदेश में गोचर भूमि में अवैध कब्जा को हटाने का कार्य सरकार करती है। कहीं भी अवैध कब्जा की शिकायत प्राप्त हुआ होगा तो सरकार उसे खाली कराएगी।

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। नई दिल्ली कंट्यूशन क्लब के चुनाव में सर्वाधिक मतों से जीतने पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह तथा पूर्व सांसद सुशील गुप्ता ने प्रदीप गांधी को शुभकामनाएं दी है।

केले की फसल में चना का बीमा कराकर किया गया लाखों का फर्जीवाड़ा

कृषि विभाग एवं बीमा कम्पनी के एजेंट की भूमिका संदिग्ध, मामला विकासखण्ड छुरिया के ग्राम पंचायत आमगाव का

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। विकासखण्ड छुरिया में रबी फसल चना में बीमा कम्पनी एवं कृषि विभाग द्वारा केले की फसल में चना फसल का बीमा कराकर लाखों रूपये का फर्जीवाड़ा किया गया है।

इस फर्जीवाड़े को लेकर बीमा कम्पनी एवं कृषि विभाग में हड़कम्प मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि इस पूरे मामले में बीमा कम्पनी के एजेण्ट की भूमिका संदिग्ध नजर आ रही है। मामले का खुलासा होते देख अनुविभागीय कृषि अधिकारी राजनांदगाव ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत चना फसल के फर्जीवाड़े की जांच के लिए उच्च स्तरीय जांच टीम का गठन भी किया है। उल्लेखनीय है कि छुरिया विकासखण्ड में कृषि विभाग के प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत रबी वर्ष 2024.25 में ढाई हजार हेक्टेयर मे किसानों ने फसल बीमा कराया था जिसका दावा भुगतान

बीमा कम्पनी ने लगभग साढ़े तीन करोड़ रूपये किसानों के खाते में हस्तांतरित कर दिया है। जिसमें विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आमगांव में लगभग 170 एकड़ में केले एवं अन्य सब्जी वर्गीय फसल होने के बावजूद भी बीमा कम्पनी द्वारा बिना जांच पड़ताल के फसल बीमा कराकर लाखों रूपये का फर्जी तरीके से दावा भुगतान किया गया है।

इस फर्जी भुगतान में बीमा कम्पनी के एजेण्ट एवं कृषि विभाग की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस जमीन पर बीमा कम्पनी ने चना बीमा कराया गया था उन खसरों में बारह महीने केला एवं अन्य सब्जी वर्गीय फसल लगा रहता है। ऐसे में केले की फसल में चना का बीमा दर्शाकर लाखों रूपये का फर्जीवाड़ा किये जाने का मामला सामने आया है। जिसकी शिकायत पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने अनुविभागीय कृषि अधिकारी से की थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए इस फर्जीवाड़े को लेकर जांच टीम का गठन किया गया है। इस मामले की सूक्ष्म जांच की जाए तो फसल बीमा योजनांतर्गत भ्रष्टाचार के कई बड़े खुलासे होने की संभावना है।

शहीद स्मारक में पुष्पांजलि अर्पित कर छत्तीसगढ़ महतारी को नमन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के

महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के राजनांदगांव आगमन पर कांग्रेसजनों ने गौरव स्थल पहुंचकर शहीदों की मूर्तियों व प्रतीकात्मक मशाल पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान छत्तीसगढ़ महतारी को माल्यार्पण कर नमन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी. एस. सिंहदेव, राष्ट्रीय सचिव एस. ए. संपत कुमार सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। आयोजन की अगुवाई प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई व नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने की। कार्यक्रम में विधायक बालोद संगीता सिन्हा, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, पूर्व निगम अध्यक्ष रमेश डाकलिया, पीसीसी संयुक्त महामंत्री पदम कोठारी, सचिव मेहुल मारु, पार्षद सतीश मसीह, मुकेश साहू, संगीता साहू, रीना पटेल, संजय रिजवानी, खैरुन्निशा सहित बड़ी संख्या में जनमानस की उपस्थिति रही।

सोसायटी में धान बेचने के लिए किसानों का एग्रीस्टेक पोर्टल में फार्मर आईडी पंजीयन अनिवार्य

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राज्य शासन द्वारा धान खरीदी खरीफ 2025-26 के लिए एग्री स्टेक प्रोजेक्ट अंतर्गत एग्री स्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन को सभी किसानों के लिए अनिवार्य कर दिया गया है। इसके तहत जिले के सभी किसानों को एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किया जाएगा, जिससे समर्थन मूल्य पर धान विक्रय पारदर्शिता के साथ आसानी से कर पायेंगे। एग्री स्टेक पोर्टल पर फार्मर आईडी किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई है। फसल बीमा कराने एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किश्त प्राप्त करने के लिए पोर्टल में पंजीयन आवश्यक है। कृषकों को निर्धारित समय-सीमा 30 सितम्बर 2025 तक एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन कराना अनिवार्य है। अन्यथा फसल बीमा, पीएम किसान सम्मान निधि एवं धान विक्रय का लाभ किसानों को प्राप्त नहीं होगा। एग्री स्टेक पोर्टल पर किसान स्वयं पंजीयन कर सकते हैं अथवा अपने क्षेत्र के सहकारी समिति अथवा निकटतम लोक सेवा केन्द्र में जाकर पंजीयन करा सकते हैं।

स्वादिष्ट और मनोरंजक रहा अग्रसेन आनंद मेला

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। अग्रसेन आनंद मेला का आयोजन गुरुवार की शाम स्थानीय शिवनाथ वाटिका में किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती शोभादेवी कमलनारायण अग्रवाल ने इसका उद्घाटन किया। इससे पहले अग्रवाल नवयुवक मंडल तथा अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन से बाईक रैली निकाली गई जिसमें

बाईक रैली में जयकारे के साथ दिखा जोश

अग्रवाल सभा के पदाधिकारियों ,समाज के वरिष्ठ सदस्यों, महिलाओं एवं युवक युवतियों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। धर्मध्वजा थामे भगवान श्री अग्रसेन जी के जयकारे के साथ नगर भ्रमण करते हुए यह रैली शिवनाथ वाटिका पहुंची जहां इसका समापन हुआ। अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सचिव चैतन्य अग्रवाल कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल मेला प्रभारी हर्षित अग्रवाल एवं आदित्य लोहिया ने बताया कि मेला स्थल पर सपरिवार पहुंचकर लोगों ने स्वादिष्ट स्वरुचि व्यंजनों के साथ हाऊजी तथा अन्य मनोरंजक कार्यक्रमों का लुत्फ उठाया। जादूगर ने हैरान कर देने वाले करतब दिखाते हुए अपने शो में लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। मिकी माऊस तथा ट्रेम्पोलिन ने बच्चों को आकर्षित किया। आनंद मेले

में श्रेष्ठ स्टाल सजावट का पुरस्कार शीर्ष गोयल को तथा श्रेष्ठ स्वनिर्मित पकवान का पुरस्कार शुभ अग्रवाल को प्रदान किया गया।

दो दशक से अधिक की परंपरा : अग्रसेन जयंती महोत्सव का लोकप्रिय आकर्षण बनी अंताक्षरी

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। अग्रवाल नवयुवक मंडल द्वारा अग्रसेन भवन में बुधवार को आयोजित अग्रसेन म्यूजिकल अंताक्षरी प्रतियोगिता इस वर्ष भी धूमधाम से संपन्न हुई। पिछले 20 से अधिक वर्षों से लगातार आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता अब अग्रसेन जयंती महोत्सव का सबसे लोकप्रिय और बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम बन चुकी है।

स्थायी होस्टिंग की पहचान

कार्यक्रम के होस्ट लक्ष्मण लोहिया, वर्षा अग्रवाल लगातार इस मंच को संभालते आ रहे हैं। उनकी शानदार एंकरिंग और जोड़ी की जुगलबंदी ने न केवल प्रतियोगिता में चार चाँद लगाए बल्कि इस कार्यक्रम को पहचान भी दिलाई। इस बार कीर्ति अग्रवाल एवं तान्या अग्रवाल ने भी होस्टिंग में साथ दिया। दर्शक उनकी प्रस्तुति का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

कार्यक्रम की खासियत

प्रतियोगिता में सामान्य अंताक्षरी, शब्द छीनो राउंड, डबल धमाका राउंड, प्रॉप राउंड, विजुअल राउंड और धुन पहचानो राउंड जैसे रोचक चरण शामिल किए गए। हर राउंड में प्रतिभागियों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी और दर्शक तालियों से उनका उत्साह बढ़ाते रहे।

इस वर्ष की अंताक्षरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम गर्ग चांदनी अग्रवाल एवं मोना अग्रवाल की टीम ने प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान टीम सिंघल रश्मि अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल रही।

पुरस्कार वितरण के दौरान विजेताओं को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। अग्रसेन भवन दर्शकों से खचाखच भरा रहा। दर्शकों में हर गीत पर जोश और तालियों की गूंज सुनाई दी। यह कार्यक्रम

बुजुर्गों के लिए पुरानी यादें ताजा करने वाला और युवाओं के लिए नया अनुभव साबित हुआ।

आयोजक अग्रवाल नवयुवक मंडल ने बताया कि अंताक्षरी प्रतियोगिता अब महोत्सव की शान बन गई है। कार्यक्रम प्रभारी सूरज अग्रवाल, आदित्य लोहिया एवं तनिष्क अग्रवाल ने कहा ङ्क च्हमारी कोशिश रहती है कि हर साल कार्यक्रम में नई ऊर्जा और नए प्रयोग जुड़े, ताकि यह परंपरा लगातार और जीवंत बनी रहे। संगीत और संस्कृति समाज को जोड़ने की ताक़त रखते हैं। अंताक्षरी जैसे आयोजन न सिर्फ़ मनोरंजन हैं बल्कि पीढ़ियों को जोड़ने और सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने का भी माध्यम हैं।

अरजकुंड में विश्वकर्मा विसर्जन करते समय तालाब में डूबने वाले युवक को गोताखोरो ने एक घंटा में निकाला

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम अरजकुंड में गुरुवार को संध्या 5 बजे ग्राम के तालाब में विश्वकर्मा भगवान की प्रतिमा विसर्जन करते समय ग्राम के ही बोधन पटेल पिता रामूपटेल 35 वर्ष एक दिन पूर्व गांव की तालाब में डूब गया था जिसे शुक्रवार को सुबह गोताखोरो ने एक घंटा में शव को ढूंढ निकाला मृतक बोधन पटेल के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा कर परिवार वालों के सुपुर्द कर दिया गया है मृतक बोधन पटेल के एक पुत्र और एक पुत्री है मृतम का अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया।

आत्म निर्भर भारत स्वरोजगार प्रशिक्षण हेतु निः शुल्क कोचिंग क्लास के बच्चे पहुंचे राजधानी रायपुर

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। स्टार्ट अप इंडिया स्वदेशी उत्पाद को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला साहू संघ राजनांदगांव द्वारा संचालित निः शुल्क कोचिंग क्लास के 30 बच्चे कृषक प्रशिक्षण केंद्र लभान्डी, रायपुर में सम्मिलित हुए। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित दो दिवसीय घरेलू उत्पाद यथाट्ट हर्बल साबुन, फिनायल, वाशिंग पाउडर बनाने की विधि एवं प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त करने अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक यशवंत साहू, संगठन सचिव माधव साहू, शिक्षक भीष्म चंद्राकर, सलाहकार चंद्रभूषण साहू के कुशल नेतृत्व में बच्चों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। कृषक प्रशिक्षण केंद्र के निर्देशक तुषार सरोटे एवं मास्टर ट्रेनर जागृति साहू ने लाभदायक जानकारियां दीं। सभी प्रशिक्षणार्थी छ ग विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात कर उनसे आशीर्वाद लिया। उन्होंने बच्चो को और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। बच्चों ने तीन वर्षों से संचालित निः शुल्क कोचिंग क्लास के लिए 85 इंच डिजिटल बोर्ड की मांग की। डॉ. साहब ने सहर्ष अपनी सहमति प्रदान की। जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू,महामंत्री नीलमणि साहू, कोषाध्यक्ष नोबल साहू, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र साहू,नगर अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला सलाहकार परदेशी राम साहू, संभागीय संयोजक रूपेश साहू, अनिल साहू , मिलन साहू, राघवेंद्र साहू, तिजेंद्र साहू, भोज गंजीर, ह्रदय हिरवानी, पवन साहू, हेमनाथ साहू, डॉ चेतन साहू, भगवती साहू, छन्नू लाल साहू, लविंद्र साव, लीना साहू, खिलेश्वरी साहू, दुर्गा हिरवानी कुंजबिहारी साहू आदि ने बधाइयां दी हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोडला में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। कवर्धा, 19 सितम्बर 2025। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस अवसर पर 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक च्च्स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियानज्ज् पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोडला में इस अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे रहे। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विजय पाटिल, जनपद पंचायत बालका रामकिंनकर वर्मा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष नंद श्रीवास, मंडल अध्यक्ष मोहन धुर्वे, जनपद सदस्य श्री नरेश चंद्रवंशी, श्रीमती बेबी सत्यवंशी, चैन सिंह, जस्सू पटेल सहित जनप्रतिनिधि व पार्षदगण, मितानिन समन्वयक, मितानिन ट्रेनर, मितानिन बहनें तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या उपस्थित थे।

जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं-पूर्व संसदीय सचिव . सियाराम साहू

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सम्पूर्ण भारतवर्ष में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक च्च्स्वस्थ नारीदृसशक्त परिवार अभियानच्च् का शुभारंभ किया गया है। कलेक्टर गोपला वर्मा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग पिपरिया द्वारा अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ च्च्अतिथि देवो भवःज्ज् की थीम पर अतिथियों का सम्मान कर किया गया। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष घुरूवाराम साहू सहित जनप्रतिनिधिगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। अभियान के दौरान प्रधानमंत्री मोदी जी की मंशानुरूप नगर पंचायत पिपरिया एवं शहर के जनप्रतिनिधियों द्वारा एक-एक क्षय (टीबी) मरीज को गोद लिया गया तथा उन्हें निक्षय पोषण आहार किट भी प्रदान की गई।



कार्यालय, नगर पालिक निगम राजनांदगांव (छ0ग0)

// निविदा सूचना //

क्रं. 906/ निविदा/लोक-11/2025-26 राजनांदगांव दिनांक 18 /9/2005

नगर पालिक निगम, राजनांदगांव में निम्न कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि रूपये लाख में	निविदा प्रस्तुत करने तिथि की अंतिम
1	2	3	4
1	भारमल संचालन मद अंतर्गत वार्ड नं. 43 में चन्द्रा कालोनी के पास भवन एवं रिटे. धारमल कार्य।	1.00	8/10/25
2	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 48 कालेमाई मंदिर कोठरा पारा के पास सामुदायिक भवन में ग्रेनाईट कार्य।	1.72	8/10/25
3	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 43 में चक्की निर्माण कार्य।	2.00	8/10/25
4	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 28 सामुदायिक भवन नरसमल रंग-रोगन कार्य।	1.00	8/10/25
5.	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 30 पार्षद लार्डन विस्तरीकरण कार्य।	0.99	8/10/25
6.	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं 30 में पुलिया निर्माण कार्य।	0..80	8/10/25
7.	पार्षद निधि अंतर्गत वार्ड नं. 45 रिद्धी-सिद्धी फेस-2 प्लाट हेरिया में पार्षद लार्डन विस्तार कार्य।	2.00	8/10/25

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा नि विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय, नगर पालिक निगम, राजनां के (लोकल्वर्क शाखा) एवं वेबसाईट www.merin.com) & http://www.uad.cg.gov.in से प्राप्त क सकती हैं। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, 'शुद्धिकरण एवं अमेडमेन्ट पृथक से विज्ञापन नहीं किया जावेगा। वेबसाईट में ही प्रकाषित किया जावेगा।

आयुक्त,
नगर पालिक निगम, राजनांदगांव

गरबा के नाम पर अश्लीलता और फूहड़ता बर्दाश्त नहीं - हिन्दू युवा मंच

नवरात्र की परंपरा को बनाये रखने गरबा स्थल को केवल धार्मिक उद्देश्य के लिए प्रयोग में लाने और माताओं और बहनों से मर्यादित वस्त्र पहनने की भी अपील

राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)। हिन्दू युवा मंच जिला इकाई ने आगामी नवरात्र के पर्व और नवरात्र के अवसर पर संस्कारधानी नगरी में होने वाले गरबा पंडालो के सभी आयोजनकर्ताओं से गरबा की मर्यादा को ध्यान में रखने और किसी भी आयोजन में देवी देवताओं के प्रतीकात्मक स्वरूप वाली थीम का प्रदर्शन न करने, छोटे और अंग प्रदर्शन वाली युवतियों को पंडाल के भीतर प्रवेश न देने और फूहड़ बॉलीवुड गीतों को न बजाने की अपील की है। गरबा उत्सव से जुड़ी तमाम गतिविधियों पर इस बार भी हिन्दू युवा मंच की पैनी नज़र रहेगी। मंच ने सख्त लहजों में हिदायत दी है कि, ऐसे पावन और धार्मिक आस्था से जुड़े आयोजन में फूहड़ता और अश्लीलता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। हिन्दू युवा मंच के जिला प्रभारी श्री किशोर माहेश्वरी के मार्गदर्शन में और जिला अध्यक्ष श्री सुरेश लोहमार, शहर अध्यक्ष श्री राजा ताम्रकार और जिला महामंत्री श्री अभिषेक शर्मा के नेतृत्व में हिन्दू युवा मंच ने एक विज्ञप्ति जारी कर, गरबा पंडालों से संस्कारधानी के अनुरूप गरबा उत्सव को पारम्परिक और मर्यादित तरीके से मनाने की अपील की है। इसके अलावा धार्मिक तीर्थ स्थलों और हिन्दू देवी देवताओं के प्रतीकात्मक स्वरूप और उनका स्वांग रचने थीम का भी कड़ा विरोध करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि, पिछले वर्ष भी मंच के द्वारा गरबा पंडालों को सख्त हिदायत दी थी, हिदायत के बाद कुछ गरबा पंडालों ने अपनी थीम बदल दी थी तो वहीं कुछ एक गरबा पंडालों ने इस अनदेखी की थी। जब उन्हें इसकी खबर मिली तो उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफ़र्म इंस्टाग्राम पर माफी भी मांगी थी। धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने की यदि इस बार गलती की गई तो उन्हें कड़े विरोध और आंदोलन का सामना करने तैयार रहने की खुली चुनौती दी गई है। मंच ने यह भी हिदायत दी है कि, यदि किसी गरबा पंडालों ने ऐसा दुस्साहस करने का प्रयास भी किया तो उन्हें इसका खामियाजा भुगतना होगा। हमारी इस अपील के बाद भी अगर देवी देवताओं का अनादर करने वाले और धार्मिकता का उपहास उडाने वाले कोई भी आयोजन होने की सूचना हमें प्राप्त होती है तो आयोजन को तत्काल प्रभाव से उसी समय बंद करा दिया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी आयोजन समितियों की होंगी। संगीत एवं गीतों का चयन केवल देवी भक्ति और पारंपरिक गरबा डांडिया गीत बजाने, अश्लील, फूहड़ और द्विअर्थी गीत पर पाबंदी, महिलाओं की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाने, महिला हेल्प डेस्क एवं शिकायत केंद्र की स्थापना गरबा पंडालों में करने, गरबा स्थल का प्रयोग केवल धार्मिक उद्देश्य के लिए करने की हिदायत दी है वहीं सभी बहनों एवं माताओं से मर्यादित वस्त्रो को पहनने की भी अपील की गई है। यदि इसके बाद भी ऐसे मामले पाये जाते हैं तो हिन्दू युवा मंच ने आयोजनकर्ताओं पर इसकी जवाबदेही स्वयं तय करने की हिदायत दी है।

कलेक्टर ने सहसपुर लोहारा एसडीएम कार्यालय का औचक निरीक्षण, लापरवाह पटवारी सुरेश तारम तत्काल निलंबित

कलेक्टर के निर्देश पर निरीक्षण के दौरान ही जारी हुआ निलंबन आदेश

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। कलेक्टर ने शुक्रवार को सहसपुर लोहारा एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राजस्व कार्यों की समीक्षा की और किसानों व ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

कलेक्टर ने कहा कि आमजनों से जुड़े राजस्व कार्यों में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय किसानों ने हल्का बाजार चारभाठा में पदस्थ पटवारी सुरेश तारम के विरुद्ध लगातार शिकायतें रखीं। किसानों ने बताया कि पटवारी न केवल अपने कार्यों में लापरवाही करता है, म साथ ही न्यायालयीन प्रतिवेदन लंबित रखने और किसानों के साथ अनुचित व्यवहार की भी शिकायतें सामने आईं। कलेक्टर ने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही एसडीएम को पटवारी के विरुद्ध निलंबन आदेश जारी करने निर्देश दिए। आदेश के अनुसार, पटवारी सुरेश तारम, ह.नं. 37, रा.नि.मं. बा. चारभाठा, तहसील सहसपुर लोहारा को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कानूनगो शाखा, तहसील कार्यालय सहसपुर लोहारा नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग आमजनों से सीधा जुड़ा हुआ है, ऐसे में कार्यों में शिथिलता और लापरवाही को कदापि स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने सभी पटवारियों और कर्मचारियों को सख्त चेतावनी देते हुए निर्देशित किया कि किसानों और ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करें।

स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025, महापौर एवं आयुक्त के नेतृत्व में प्रतिदिन स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधिया संचालित

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता अभियान चलाने की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के नेतृत्व में स्वच्छता संबंधित प्रतिदिन विभिन्न गतिविधिया संचालित की जा रही है। स्वच्छता अभियान में सामाजिक संस्थाए, स्कूल कालेज के विद्यार्थी, एनसीसी क्रेडेट भी स्वच्छता में सहभागी बन रहे है। इसी कडी में आज प्रातः शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के एनसीसी क्रेडेट दिग्विजय कालेज के आस पास साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिए। शहर में प्रतिदिन स्वच्छता का माहोल देखने को मिल रहा है, जिसमें नगर निगम का स्वास्थ्य अमला सहित विभिन्न संस्थाए अपनी सहभागिता निभा साफ सफाई कर रहे है। आज के स्वच्छता अभियान में शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के एनसीसी क्रेडेट कालेज परिसर के आस पास साफ सफाई कर झिल्ली पन्नी उठाए तथा विद्यार्थियों को स्वच्छता से जुडने का आव्हान किये कि अपने घर के आस पास, अपने परिसर की साफ सफाई रखे एवं अपने लोगो को भी स्वच्छता से जोडे। स्वच्छता अभियान के दौरान क्रेडेटो ने स्वच्छता की शपथ लिए कि अपने घरों का कचरा न सड़क पर फेकेंगे न ही किसी को फेकने देंगे। हम अपने घरों का गीला एवं सुखा कचरा अलग अलग डस्टबीन में रखेगे और नगर निगम की गाडी में ही डालेगे। हम यह भी शपथ लेते है कि सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन का उपयोग नहीं करेगे तथा शॉपिंग हेतु कपड़े से बनी थैली का ही प्रयोग करेंगे, हर सप्ताह 2 घंटे सफाई करने समय देगें और अपने आस पास एवं शहर को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देंगे। स्वच्छता अभियान में एनसीसी क्रेडेट के अलावा निगम का स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।

शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में साक्षरता दिवस एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के समाज कार्य विभाग के द्वारा साक्षरता दिवस एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य उक्त कार्यक्रम प्राचार्य श्रीमती डॉ.सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में तथा समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू के मार्गदर्शन में किया गया । उक्त कार्यक्रम शासकीय प्राथमिक शाला गट्टूला जिला राजनांदगांव में किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत समाज कार्य विभाग के विद्यार्थियों एवं स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से रैली निकाली गई। जिसमे साक्षरता दिवस संबंधित विभिन्न नारे एवं स्लोगन लगाए गए। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया ।शाला के प्रधान पाठक श्रीमती सुषमा ठाकुर ने साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में कहा कि इस परिवर्तन के दौर पर हमें अनेकों नई-नई टेक्नोलॉजी व विभिन्न प्रकार के कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है , जिन कठिनाइयों का हम साक्षर होकर ही समझ सकते हैं तथा सही गलत का पहचान कर सकते हैं यह कह कर बच्चों को जानकारी प्रदान की गई । समाज कार्य विभागाध्यक्ष श्रीमती ललिता साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के इस युग में कोई भी बच्चा निरीक्षर या अशिक्षित ना हो रहे इस हेतु सरकार ने निशुल्क शिक्षा एवं अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान किया है एवं शिक्षा संबंधी विभिन्न महत्व कांक्षी योजनाएं लागू की है ,जिससे शत प्रतिशत बच्चे शिक्षा प्राप्त कर सकें । तत्पश्चात शाला परिसर में साक्षरता दिवस के विषय पर पोस्टर मेकिंग एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय आए विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान कुमारी हर्षित एवं द्वितीय स्थान मोनिका साहू एवं तृतीय तेजस्वी को पुरस्कार दिया गया।

छुरिया विकास खंड स्तरीय गौ विज्ञान परीक्षा हेतु कार्यशाला का आयोजन शिकारी माहका में हुआ

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। गौ विज्ञान परीक्षा के लिए विकास खंड के सभी स्कूलों के प्राचार्य समन्वयक का वि.खं छुरिया गौ विज्ञान परीक्षा विभाग संयोजक श्री पारस वर्मा जी के द्वारा शा. हायर सेकेंडरी स्कूल शिकारी माहका में बच्चों को परीक्षा के लिए प्रेरित करते हुए गौ माता के संवर्धन एवं संरक्षण के लिए जानकारी दी गई तथा गौ उत्पाद को कैसे घर घर पहुंचाया जाए, अर्क के उपयोग से स्वास्थ सेवा के लाभ आदि ,गोबर से जैविक खाद बना कर किचन गार्डन में तथा जगह की कमी होने पर घरों के छत में गमलों में सब्जियां उगाने एवं उपयोग करने आदि की ग्रामीण जनों की भूमिका पर चर्चा किया गया। उक्त कार्यक्रम में बीईओ सर, जिला नोडल संतोष वर्मा, खंड नोडल लक्ष्मन साहू, अभय वाजपेयी समाज सेवी,जिला सह संयोजक मोनेश साहू ,खंड संयोजक मुनीराम यादव जी साथ ही छुरिया विकास खंड के सभी स्कूलों के प्राचार्य व शिक्षक उपस्थित रहें।

शुभांक

1-7-8

780 -5 268-6

भाग्यांक

110-2 389-0

कलेक्टर की संवेदनशील पहल, आवेदक की समस्या का हुआ त्वरित समाधान

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। आमजन की समस्याओं के त्वरित और न्यायोचित निराकरण की दिशा में प्रशासन ने एक और पहल कर मिसाल पेश की है। कलेक्टर शुक्रवार को सहसपुर लोहारा एसडीएम एवं तहसील कार्यालय पहुँचे। यहां उन्होंने आवेदकों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान ग्राम गैंदपुर निवासी भेखस साहू पिता चेतन साहू, जाति तेली ने ऑनलाइन अभिलेख में त्रुटि सुधार का आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदक ने बताया कि ग्राम सिंघौरी, पटवारी हल्का क्रमांक 38, तहसील सहसपुर लोहारा में खसरा नंबर 336/34, रकबा 0.9950 हेक्टेयर कृषि भूमि उनके और उनके भाई लिलेश के संयुक्त नाम पर है। ऑनलाइन रिकॉर्ड में भूस्वामी का नाम गलत रूप से भेखस, लिलेश पिता चेतन दर्ज हो गया था, जबकि इसे 1. भेखस पिता चेतन, 2. लिलेश पिता चेतन होना चाहिए। कलेक्टर ने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार श्री हलेश्वर पटेल को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। धारा 115 के तहत सुनवाई करते हुए नायब तहसीलदार ने महज 15 मिनट के भीतर आदेश जारी कर त्रुटि सुधार किया और आवेदक को ऑनलाइन अभिलेख में सुधारित नाम दर्ज होने का बी-1 अभिलेख प्रदान किया गया।

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

– ईश्तहार:–

रा.मा.क्र.बी-121 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीवनलाल आ. जैलाल देवांगन निवासी शहर / ग्राम मरकामटोला प.ह.नं. तहसील खैरागढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा अपने माँ स्व. प्रेमबती पति जैलाल देवांगन के मृत्यु प्रमाण पत्र की मौग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 03/11/2023 को स्थान मरकामटोला होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो, ये सुनवाई तिथि 25/09/2025 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक हे माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनांक:– 01/07/2025

सुनवाई दिनांक:– 25/09/2025

कार्यपालिक दंण्डाधिकारी खैरागढ़

सील

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

राजस्व मामला क्रमांक 202509093700033 अ-6 वर्ष 2024-25

– : : ईश्तहार : : –

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रवीण लल्लवानी आ. स्व. पदमचंद लल्लवानी, निवासी–सदरबाजार राजनांदगांव तहसील व जिला–राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगांव मोहल्ला सदर बाजार स्थित शीट क्रमांक 49 ए, भूखण्ड क्रमांक 242, क्षेत्रफल 261.00 वर्गमीटर जो धारकगण भंवरलाल, पदमचंद दोनों आ. नेमीचंद लल्लवानी, निवासी–सदर बाजार राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूखण्ड के सहभागक पदमचंद आ. नेमीचंद लल्लवानी की मृत्यु होने से उनका नाम विलोपित कर उनके स्थान पर वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 06.10.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जाँच
राजनांदगाँव

सील

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

राजस्व मामला क्रमांक 202509093700034 अ-6 वर्ष 2024-25

–: :: ईश्तहार : : – ::–

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रशांत कांकरिया आ. पाबूदान कांकरिया, निवासी–कामर्डलाईन, राजनांदगाँव के द्वारा शहर राजनांदगांव के मोहल्ला जुनीडेरी स्थित शीट क्रमांक 48 ए, भूखण्ड क्रमांक 121/2, क्षेत्रफल 114.00 वर्गमीटर जो धारक इरफान मेमन आ. इमरान मेमन, निवासी–जुनीडेरी राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 06.10.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 19.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जाँच
राजनांदगाँव

सील

न्यायालय नजूल जाँच अधिकारी, जिला–राजनांदगाँव (छ.ग.)

राजस्व मामला क्रमांक 202509093700024 अ-6 वर्ष 2024-25

–:: ईश्तहार::–

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा बघेल आ. मोतीलाल बघेल, निवासी नंदई, कुआ चौक, राजनांदगाव तहसील व जिला–राजनांदगाँव द्वारा शहर राजनांदगांव के मोहल्ला नंदई स्थित शीट क्रमांक 49 डी, भूखण्ड क्रमांक 139/4, क्षेत्रफल 42.75 वर्गमीटर जो धारकगण रामप्रसाद, रामदास, कन्हैया, कृष्णा, बंशीराम सभी आ. स्व. मोतीलाल, श्यामचरण, सुशीला आ. स्व. प्रेमलाल. आकाश, निशा आ. नेरेशराम, निवासी सतनामीपारा, नंदई राजनांदगाँव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है, पर पंजीकृत दानबददानपत्र के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अतः उक्त भूमि/मकान / संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 03.10.2025 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जाँच
राजनांदगाँव

सील

ज्ञान मंथन

1) पश्तून जातीय समूह मुख्य रूप से किन देशों में पाया जाता है?
2) विश्व आर्थराइटिस दिवस प्रतिवर्ष किस दिन मनाया जाता है?
3) शेंदुर्णी वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?
4) लीडरशिप समिट 2024 की मेज़बानी किस संस्थान ने की?
5) ललित उपाध्याय, जिन्होंने हाल ही में संन्यास की घोषणा की है, किस खेल से जुड़े हैं?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) अफ़गानिस्तान और पाकिस्तान (2) 12 अक्टूबर (3) केरल (4) आईआईटी गुवाहाटी (5) हॉकी

महासचिव पायलेट ने मिनीमाता की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। कांग्रेस का वोट चोर, गद्दी छोड़ कार्यक्रम में ठा.प्यारेलाल चौक से गुरूद्वारा चौक के मध्य सतनाम भवन

में स्थित मिनीमाता जी की प्रतिमा पर कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव श्री सचिन पायलट, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, टी. एस. सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैद, डॉ. चरण दास महंत, शिव कुमार डहरिया, मिलखोत सिंह गैंदू आदि वरिष्ठ कांग्रेस नेतागण की उपस्थिति में छ.ग. का प्रथम महिला सांसद, अपृश्यता निवारण की जननी मिनीमाता जी के प्रतिमा पुष्पगुच्छ अप्रित कर माल्यार्पण कर मिनीमाता अमर रहे के नारे भी लगाये गये। इस अवसर पर जिला सतनामी सेवा समिति के संरक्षक श्री धनेश पाटिला पूर्व मंत्री, छ.ग. शासन, जिला सतनामी सेवा समिति के अध्यक्ष युवराज हिरहेर के मार्गदर्शन, अगुवाई में जिला सतनामी सेवा समिति के वरिष्ठगणमान्य व पदाधिकारी सूर्य कुमार खिलाड़ी, पंकज बांधव, भुनेश्वर बघेल, श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़, डॉ. थानेश्वर पाटिला, उपाध्यक्ष कमलेश शांडे, श्रीमती प्रतिमा बंजारे, महामंत्री कमल कुमार लहरे, कोषाध्यक्ष संजीव कुमार बंजारे, सचिव ऋषिराज खरे, अमित देशलहरे, वरिष्ठ गणमान्य अमित देशलहरे, अधिवकता अंजू, पूर्व सचिव अंजू बंजारे, शिशुपाल भारती आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला सतनामी सेवा समिति के सचिव ऋषिराज खरे ने दी।

बाढ़ आपदा पर रानी सागर में मॉकड्रिल का आयोजन 25 सितम्बर को

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण गृह मंत्रालय भारत सरकार, छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में 25 सितम्बर 2025 को सुबह 10 बजे से राजनांदगांव शहर के रानीसागर तालाब में बाढ़ आपदा पर मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। मॉकड्रिल का आयोजन आपदा प्रबंधन की तैयारी को परखने तथा नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। साथ ही यह आयोजन केवल प्रशिक्षण के लिए किया जा रहा है। नागरिकों से अध्यास के दौरान शांति बनाए रखने तथा घबराने से बचने, अफ़वाहों से बचने तथा दूसरों को सही जानकारी प्रदान करने एवं मॉकड्रिल में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई है।

नगर निगम के सभी विभाग के कर्मचारियों की आयुक्त विश्वकर्मा ने ली बैठक

समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर सौपे गये दायित्वो का समर्पित भाव से कार्य करने कहा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज निगम सभागृह में नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों की बैठक में कहा कि आप लोग पूर्व की बैठक मे दिए गये निर्देश का पालन किए है। कुछ निर्देश क्रियान्वयन नही हो पाया है, जिसके स्मरण के लिए आज बैठक रखी गयी है। उन्होंने कार्यालयीन अवधि में उपस्थित रहकर सौपे गये दायित्वों का समर्पित भाव से कार्य करने कहा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आज निगम के सामान्य प्रशासन विभाग, लेखा, जन्म-मृत्यु, लोककर्म, विद्युत, जल, सफाई, मोटर, राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री आवास में कार्यरत सभी कर्मचारियों की बैठक में कहा कि नौकरी के पूर्व हमारी मानसिकता होती है कि हम नौकरी लगने पर निष्ठा एवं इमानदारी से कार्य करेगे, हमे उसी मानसिकता से काम करना है, तभी हम सफल होगे। कार्यालय में हमारा व्यवहार संयमित और मर्यादित होनी चाहिये, कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर, अपने कार्यो का कर्मठतापूर्वक इमानदारी से निर्वाहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ कर्मचारी समय में उपस्थित नहीं होते, शासन द्वारा प्रात: 10 बजे से कार्यालयीन कार्य प्रारंभ करने का समय निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय में सभी कर्मचारियों को कार्यालय में उपस्थित होकर

अपने दायित्वों का निर्वाहन करना है तथा अपने उच्च अधिकारियों के आदेशो को मानना है उसकी अव्हेलना नही करनी है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नगर निगम बहुत महत्वपूर्ण विभाग है, जो जनता एवं जन प्रतिनिधियो से सीधा जुड़ा होता है और लोगों के दैनिक जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता जैसे राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र, निराश्रत पेंशन के अलावा बिजली, पानी, सफाई जैसी मूलभूत सुविधा निगम के द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। इस दृष्टिकोण से हमारा कार्यालय बहुत महत्वपूर्ण है और इसकी महत्ता को समझ सभी को अपने दायित्वों का निर्वाहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कार्यालयीन समय में इधर उधर घूमते है, जिससे निगम का कामकाज प्रभावित होता है, सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक उपस्थित होकर अपने कार्यो का निर्वाहन करेंगे। नागरिकों के कार्यो को प्राथमिकता देते हुये समय सीमा में पूर्ण करना है। आयुक्त ने कहा कि फाईलो का संधारण व्यवस्थित तरीके से करे, विषयवार फाईल तैयार का उसमे ही आगे बढ़ाए ताकि फाईलो की गति बनी रहे और टेबल में फाईल पेंडिंग न रहे। उन्होंने कहा कि शासकीय कार्यालयो में सबसे महत्वपूर्ण सूचना का अधिकार होता है, जिसकी जानकारी समय सीमा में देनी होती है। कोई भी जानकारी लंबित न रहे नियमानुसार समय पर जानकारी देना सुनिश्चित करे। इसी प्रकार नगर निगम स्वच्छता से जुडी संस्था है, जिसके आधार पर साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना है, अपने कमरा एवं टेबल के आस पास साफ सुथरा रखना है। उन्होंने कहा कि छोटी छोटी बातो को ध्यान में रखकर हम अपने कार्यालय की गरिमा बरकरार रख सकते है। बैठक में प्र.कार्यालय अधीक्षक श्री नारायण यादव सहित सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

कांग्रेस शासन में गली-गली अवैध शराब व नशे का व्यापार चल रहा था: रामजी भारती

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। शहर में अवैध शराब की बिक्री का आरोप लगाने वाले विधायक : अपने पूर्व मुख्यमंत्री के शासन काल को ही याद कर लेते : कि उनके समय में शहर की क्या स्थिति थी - रामजी भारती बीते दिनों गोल बाजार में ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के द्वारा शहर में बढ़ते अपराध को लेकर भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहां गया था कि भाजपा शासन में गली-गली अवैध शराब व नशा का व्यापार चल रहा है। बेरोजगार युवा इसकी चपेट में आने से अपने जीवन खो रहे हैं। उसके बाद भी भाजपा सरकार सोई है। मंगलवार को इन्हीं मुद्दों को लेकर कांग्रेस के दौरान लगभग दो से ढाई घंटे तक गोल बाजार के एक मार्ग को अवरुद्ध भी कर दिया गया था। जिससे शहर के लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इस मामले में प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती के द्वारा स्थानिक विधायक हर्षित स्वामी बघेल पर पलटवार करते हुए कहा गया है कि जिस कांग्रेस से वे तालुकात रखती हैं। शायद वह यह भूल रही है की प्रदेश में पूर्वोत्तर कांग्रेस के कार्यकाल में

नकली शराब वितरित करवाने वाले उनके नेता, सरकार का 2000 करोड़ को कैसे हजम कर लिए। आज की स्थिति में पूर्वोत्तर सरकार के आबकारी मंत्री हो या पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र सब सलाखों के पीछे हैं। उनके समय के कई अधिकारी जेल की हवा खा रहे हैं। भारती ने कहा कि डोंगरगढ़ की बात करूं तो शासकीय दुकानों से 200 रुपए प्रति पेटी कौन वसूली करता था। शराब दुकानों के 300 मीटर दायरे में किस तरह अवैध अहाता का संचालन कर मोटी उगाही की जाती थी,यह बात किसी से छुपा नहीं है। पूर्वोत्तर सरकार में शहर का हर कोई जानता है। की कितने अवैध मैखाने खुल गए थे। चाकू बाजी जैसी बड़ी घटनाएं आये दिन देखने को मिलती थी। जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार है, अपराध में नियंत्रण है। डोंगरगढ़ में हर वर्ष कई धार्मिक आयोजन होते हैं। जनता खुद देख रही है। पहले के आयोजनों में अपराधियों के द्वारा कितना उत्पाद मचाया जाता था। और आज की स्थिति कैसी है। विधायक हर्षित स्वामी बघेल को कम से कम इस मुद्दे में होमवर्क करके जनता के बीच जाना चाहिए था।

खुज्जी क्षेत्र की विभिन्न सडक,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सी.सी रोड , सहित निर्माण कार्यो की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिले जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविंद्र वैष्णव

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सड़क,पुल पुलिया , स्वास्थ्य केंद्र, सी.सी.सडक निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यो की मांगों को लेकर 15 सितंबर 2025 को राजनांदगांव जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव ने मुख्यमंत्री निवास मे रायपुर मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर समस्याओं के निराकरण एवं विकास कार्यो की स्वीकृति के लिए मांग पत्र सौंपा। जिसमे छुरिया से गैंदाटोल सड़क मार्ग , बैरागीभेडी से भोलापुर सड़क मार्ग ,महाराजपुर से बरेठटोला सड़क मार्ग,गोडलवाही से उमरवाही सडक मार्ग, कुर्मदा कछूबंजारी गैंदाटोला मार्ग , गहिराभेडी जोशीलमती दाउटोला मार्ग , गुणडरदेही से उमरवाही मार्ग, पेण्ड्रीडीह से खोभा मार्ग,महराजपुर से रामपुर मार्ग को स्वीकृति प्रदान करने की मांग की। इसके अलावा भोलापुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत एवं (पद सेटअप) ,ग्राम पंचायत भोलापुर के वार्ड क्रमांक 02 में सी. सी रोड सहित विभिन्न पंचायतों मे सीसी रोड की मांग पत्र सौपा । माननीय मुख्यमंत्री ने जिला पंचायत अध्यक्ष के मांगों को गंभीरता से पढ़ने के बाद सडको को बजट में सामिल करने के आलावा बजट में सामिल सडक को वित्त विभाग से स्वीकृति दिलाने की बात कही । साथ ही भोलापुर मे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को बजट में शामिल कर स्वीकृति दिलाने व पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण से सीसी रोड कार्य को स्वीकृति दिलाने की बात कही। इस अवसर जिला भाजपा महामंत्री रविंद्र वैष्णव , भाजपा मंडल छुरिया के मीडिया प्रभारी शिशुपाल साहू , भाजयूमो महामंत्री मंडल छुरिया भूखन धनकर उपस्थित थे ।

हमारी संस्कृति हमारी धरोहर के अनुरूप दुर्गा उत्सव पंडाल एवं गरबा आयोजन

समितियां मनाए क्वांर नवरात्र महोत्सव सनातन धर्म सेवा परिवार का आग्रह

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। संस्कारधानी राजनांदगांव सेवा भक्ति के लिए जाना जाता है सनातन धर्म सेवा परिवार के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, प्रदेश महिला अध्यक्ष मौसमी शर्मा, प्रदेश सचिव ममता शर्मा , जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, एवं जिला युवा अध्यक्ष सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि संस्कारधानी के गौरवशाली परंपरा में त्योहारों को जीवंत रूप से पूर्ण भक्ति भाव, एवं पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जाता हैं सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार ने संस्कारधानी राजनांदगांव के समस्त मां दुर्गा उत्सव पंडाल एवं गरबा उत्सव आयोजन समितियो से आग्रह किया है कि हमारी संस्कृति हमारी धरोहर है भारतीय सनातन संस्कृति के आप स्वयं रक्षक एवं प्रचारक , मार्गदर्शक हैं आप श्री के सानिध्य में आपकी अपनी भारतीय सनातन संस्कृति और सभ्यता को संभालने की महती जिम्मेदारी हम सभी के कंधों पर हैं हम सनातन संस्कृति के अनुरूप

मां दुर्गा जगत जननी की आराधना का नव दिवसीय क्वांर नवरात्र महोत्सव माता की भक्ति भाव एवं नृत्य गरबा कर रिझाने का उत्सव है आयोजन के दौरान सभी दुर्गा उत्सव पंडाल एवं गरबा उत्सव आयोजन समितियां उपस्थित भक्तों को तिलक लगाकर प्रवेश करावे , पंडाल परिसर एवं गरबा क्षेत्र की शुद्धता और पवित्रता का ध्यान रखें, उपस्थित भक्तों का अभिवादन जय माता दी के जय घोष से करें उपस्थित भक्तों का प्रवेश पारंपरिक वेशभूषा में हो, पंडाल परिसर एवं गरबा आयोजन में जस गीत, व धार्मिक गीतों भजनों की सुमधुर धुन, संगीत एवं गीत पर ही आयोजन किया जावे , आप और हम मिलकर संकल्प ले की क्वांर नवरात्र महोत्सव में हम सभी मिलकर अपनी सनातन संस्कृति के अनुरूप हमारी संस्कृति हमारी धरोहर को संजोते हुए मां दुर्गा की भक्ति आराधना का महापर्व भक्ति भाव उमंग उत्साह उल्लास के साथ मिलकर मनाएंगे सनातन संस्कृति की अलख जगायेंगे।

अंडर-19 क्रिकेट ट्रायल 21 सितंबर को दिग्विजय स्टेडियम में

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा जिले की अंडर-19 क्रिकेट टीम के गठन हेतु दिनांक 21 सितंबर, रविवार को दिग्विजय स्टेडियम में चयन प्रक्रिया (ट्रायल) आयोजित की जाएगी। चयन प्रक्रिया सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ होगी। इसमें वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनका जन्म 1 सितंबर 2007 या उससे पहले हुआ हो तथा जिनका ऑनलाइन पंजीयन पूर्ण हो चुका है। जिन खिलाड़ियों का पंजीयन शेष है, वे सुबह 10 से दोपहर 01 बजे तथा शाम 04 से 05 बजे के बीच आवश्यक दस्तावेजों सहित स्टेडियम पहुँचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। आवश्यक दस्तावेज इस प्रकार हैं पिछले 5 वर्षों की अंकसूची, जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड (मूल प्रति), पासपोर्ट साइज फोटो, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव योगेश बागड़ी ने बताया कि चयन प्रक्रिया के बाद चयनित खिलाड़ियों के लिए सघन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में प्रदर्शन के आधार पर जिले की अंडर-19 टीम गठित की जाएगी, जो छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतरजिला क्रिकेट चैम्पियनशिप में भाग लेगी। चयन प्रक्रिया में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ियों को सफेद क्रिकेट ड्रेस एवं स्वयं की क्रिकेट किट के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। अधूरे दस्तावेज़ प्रस्तुत करने वाले खिलाड़ियों को चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। यह जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के मीडिया प्रभारी लक्ष्मण लोहिया द्वारा प्रदान की गई।

धर्म समाचार....

सर्व पितृ अमावस्या ' : ' पितरों को प्रसन्न करने का आखिरी दिन '

हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का खास महत्व होता है. इस पितृ पक्ष में लोग अपने पितरों (पूर्वजों) को याद कर तर्पण और श्राद्ध करते हैं. लेकिन सर्व पितृ अमावस्या, जिसे महालय या सर्व मोक्ष अमावस्या भी कहते हैं, सबसे विशेष मानी जाती है. यह दिन पितृ पक्ष का अंतिम दिन होता है और माना जाता है कि इस दिन जो भी श्राद्ध और तर्पण किया जाता है, वह सीधे सभी पूर्वजों तक पहुंचता है. इसे पूर्वजों को सम्मान और आशीर्वाद पाने का आखिरी अवसर माना जाता है.

- किसका श्राद्ध किया जाता है?

सर्व पितृ अमावस्या पर उन सभी पितरों का श्राद्ध किया जाता है, जिनकी पुण्यतिथि (मृत्यु तिथि) के बारे में सही जानकारी नहीं होती. जिनका श्राद्ध पितृ पक्ष में किसी कारणवश नहीं किया जा सका. इसलिए इसे सर्व पितरों का श्राद्ध कहा जाता है.

पितृ पक्ष का समय पूर्वजों को स्मरण और संतुष्ट करने का विशेष अवसर है. माना जाता है कि पितरों की नाराजगी जीवन में बाधाएं, आर्थिक संकट, रिश्तों में कलह और स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है. उनके संकेतों को पहचानकर श्राद्ध, तर्पण और दान द्वारा शांति व आशीर्वाद पाया जा सकता है. यदि आपने पितृ पक्ष के दौरान किन्हीं पितरों का श्राद्ध नहीं किया है तो आपको सर्व पितृ अमावस्या के दिन इसे जरूर कर लेना चाहिए, माना जाता है कि नाराज पितृ जीवन में अनेक बाधाओं का कारण बनते हैं.

पितृ पक्ष वो होता है जब हम अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए श्राद्ध एवं तर्पण जैसे धार्मिक अनुष्ठान करते हैं. यह केवल पितरों को सम्मान देने का ही अवसर नहीं है, बल्कि उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का शुभ समय भी है. कभी-कभी जीवन में निरंतर मेहनत करने के बावजूद आर्थिक तंगी बनी रहती है, परिवार में कलह होते हैं, विवाह या रिश्तों में अड़चनें आती हैं या स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं परेशान करती रहती हैं. ज्योतिष के अनुसार यह सब पितृ दोष का परिणाम हो सकता है, यानी पितरों की नाराजगी का संकेत.

- पितरों की नाराजगी के सामान्य संकेत :

- आर्थिक कठिनाइयां : लगातार पैसों की कमी, कर्ज बढ़ना या धन संचय में.

- शादी या रिश्तों में रुकावट : विवाह में बार-बार देरी होना या रिश्तों में तनाव और मतभेद बढ़ना.- स्वास्थ्य समस्याएं : बार-बार बीमार पड़ना, पुरानी बीमारी या पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें होना. - असामान्य सपने या आध्यात्मिक संकेत : पितरों, सांप या विचलित करने वाले सपने दिखना, यह इशारा हो सकता है कि पितर स्मरण कराना चाहते

- पितृ दोष को शांत करने के सरल उपाय :

श्राद्ध और तर्पण पितृ पक्ष की तिथि पर पितरों को भोजन, जल और प्रार्थना अर्पित करें. ब्राह्मणों को भोजन कराना और सेवा करना अत्यंत पुण्यकारी माना गया है. दान करना गरीब और जरूरतमंदों को भोजन, वस्त्र, अनाज और धन का दान करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है.

- मंत्र जाप और प्रार्थना : इस समय गायत्री मंत्र या ? तमो भगवते वासुदेवाय जैसे मंत्रों का जप करना शुभ माना जाता है. यह पितृ दोष को कम कर पूर्वजों का आशीर्वाद दिलाता हैं.

- पितृ पक्ष का महत्व :

पितृ पक्ष केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं है, बल्कि यह हमें पूर्वजों की स्मृति से जोड़ता है और उनके आशीर्वाद से जीवन में स्थिरता, सुख और शांति प्राप्त करने का अवसर देता है. यदि हम संकेतों को समझकर सही उपाय करें तो जीवन की कठिनाइयां कम हो सकती हैं और घर में सौहार्द बना रह सकता है.

- कब है सर्व पितृ अमावस्या 2025 ?

अमावस्या तिथि की शुरुआत: 20 सितंबर, रात 12:17 बजे अमावस्या तिथि की समाप्ति: 21 सितंबर, रात 1:24 बजे इस हिसाब से सर्व पितृ अमावस्या 2025 की तिथि: 21 सितंबर (रविवार)

- श्राद्ध और तर्पण के नियम :

सबसे पहले स्नान करके शुद्ध और पवित्र स्थान पर बैठे. संभव हो तो नदी किनारे.

हाथ में चावल लेकर पूर्वजों को याद करते हुए श्राद्ध करने का संकल्प लें.सबसे पहले देवताओं को अक्षर के साथ जल अर्पित करें.

फिर पूर्वजों के नाम से तर्पण करें, इसके लिए हाथ में काला तिल और सफेद फूल लेकर जल अर्पण करें कुशा घास को अंगूठे और तर्जनी के बीच पकड़कर 'अंजलि' बनाएं, ? पितृभ्य नम: मंत्र बोलते हुएतीन बार जल अर्पित करें. तर्पण का जल पेड़ की जड़ में डालें. इसके बाद घर पर ब्राह्मण को भोजन कराएं और यथाशक्ति दान दें.

योगेश कबूलपुरिया

nandgaon times sep-20-4.qxd 9/19/2025 11:56 PM Page 4

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

शासन जनसामान्य एवं श्रमिकों के स्वास्थ्य के लिए संवेदनशीलता के साथ कर रही कार्य : कलेक्टर

जिले में श्रमिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन, श्रम विभाग और आईबी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में श्रमिक स्वास्थ्य जांच शिविर का किया गया आयोजन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 के अवसर पर जिले में श्रमिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन, श्रम विभाग और आईबी ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में आईबी ग्रुप के कार्पोरेट ऑफिस इंदामारा में श्रमिक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल श्री योगेश दत्त मिश्रा और कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने श्रमिक स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ किया। श्रमिक स्वास्थ्य जांच शिविर में जिले के औद्योगिक क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों के 800 से अधिक श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान रामकृष्ण हॉस्पिटल रायपुर के डॉक्टर्स और नर्सिंग स्टाफने श्रमिकों का रूटीन हेल्थ चेकअप, रक्तचाप और शुगर जांच और एएसजी हॉस्पिटल रायपुर द्वारा आंखों की जांच करके श्रमिकों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाइयां वितरित कर सुविधा भी प्रदान की।

अध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल श्री योगेश दत्त मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत जंयती के अवसर पर जिला प्रशासन और एबीस ग्रुप द्वारा बहुत अच्छी पहल करते हुए श्रमिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। श्रमिकों को स्वास्थ्य जांच के साथ दवाईयां भी वितरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि एबीस ग्रुप द्वारा रोजगार का साधन उपलब्ध कराया गया है। एबीस ग्रुप ने रोजगार के साथ सोशल वेलफेयर से लेकर मजदूरों के सुख-सुविधाएं, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर कार्य किया है।

कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव और सेवा पखवाड़ा के तहत आज श्रमिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि शासन जनसामान्य एवं श्रमिकों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा श्रमिकों के बच्चों की शिक्षा के लिए बेहतरीन योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने श्रमिक स्वास्थ्य शिविर में सभी श्रमिकों को अपने स्वास्थ्य की जांच कराने कहा। इसके साथ ही नियमित रूप से अपने स्वास्थ्य की जांच कराते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रायपुर के नामांकित अस्पतालों के डॉक्टर के माध्यम से श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी। उन्होंने श्रमिकों को कार्य करते समय आवश्यक सेफ्टी केयर का पालन करने कहा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जांच के बाद फ्लोअप करना बहुत जरूरी है। किसी मजदूर के स्वास्थ्य जांच के बाद स्वास्थ्य समस्या की पहचान होने पर उसके पूर्ण स्वस्थ होने तक फ्लोअप करने कहा। कलेक्टर ने श्रमिकों के स्वास्थ्य जांच की मेडिकल रिपोर्ट को ऑनलाईन रखने कहा, ताकि भविष्य में किसी श्रमिक को आवश्यकता पडऩे पर पुरानी जांच के अनुसार उन्हें त्वरित उपचार मिल सके।

एमडी आईबी ग्रुप श्री बहादुर अली ने कहा कि 40 वर्ष पहले से लोगों के स्वास्थ्य के लिए प्रोटीन प्रोड्क्ट बनाना शुरू किया था। उन्होंने कहा कि राज्य शासन और जिला प्रशासन स्वास्थ्य के प्रति चिंता कर रही है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य शिविर में जांच के साथ उसका पालन करना बहुत जरूरी है। स्वस्थ रहने के लिए साफ-सफाई और हाईजिन का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। इसका पालन करने से आयु लंबी होगी। कार्यक्रम में उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा श्री डीपी मर्सकोले, श्रम पदाधिकारी श्री संजय सिंह और ईएसआई औषधालय राजनांदगांव से प्रभारी डॉ. पीके ठाकुर उपस्थित थे।

श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन नामदेव परिवार में

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। श्री लक्ष्मीनारायण भगवान की असीम अनुकंपा से गोलोकवासी पूर्वजों के आशीर्वाद से पितृ पक्ष पर्व के पावन शुभ अवसर पर स्व. श्री भोलानाथ नामदेव जी की पुण्य स्मृति में श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन दिनांक 14.9.2025 से दिनांक 20.9.2025 तक पुरानी सिविल लाईन, राजनांदगांव में मनोरमा (हिमांशु) नामदेव के निवास स्थान में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथावाचार्य श्री वैष्णोचार्य पं. पुष्पेन्द्र दासाचार्य जी महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) के मुखारवृंद से कथा श्रवण कर जीवन को कृतार्थ करें।

उसडीबोड आलीखुटा रानीतरई रोड़ जर्जर : वैष्णव

राजनांदगांव(नांदगांव टाइम्स)। प्रधानमंत्री सड़क योजना उसडीबोड से आलीखुटा से रानीतरई रोड़ जर्जर पर योगेन्द्र दास वैष्णव पूर्व जनपद सदस्य राजनांदगांव ने कहा कि डबल इंजन सरकार कब सुधरेंगे प्रधानमंत्री सड़क को किसानों खाद बीज छात्र छात्राओं पढ़ाई करने रानीतरई जाना पड़ता लेकिन सैकड़ो जानलेवा गड्ढा राहगिरो परेशानी के सामना करना पड़ता छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह विधानसभा क्षेत्र बुरा हालत अधिकारी कुंभकर्णरी नींद कब जागेंगे या विधानसभा अध्यक्ष बजट राशि नहीं मिलना दोनों बातें हो सकती है आगामी दिनों जर्जर सड़क नव निर्माण नहीं करने पर आंदोलन ग्रामीणजनो मिलकर किया जाएगा।

भाषा और गणना पर आधारित निपुण भारत

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। समझ और क्रियात्मक भाषा कौशल गणित की गणना पर आधारित निपुण भारत गतिविधियों मे शासकीय प्राथमिक शाला मारीं के छात्र छात्राओं द्वारा निपुण भारत का लोगो का चित्र बना कर प्रदर्शित किया है इस चित्रकला मे कुशल कोलियारे, रविन्द्र कोलियारे और खुबचंद ने शानदार चित्र बना कर शाला मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ज्ञातव्य के है कि निपुण भारत का उद्देश्य सभी बच्चो मे भाषा और गणित के प्रति जागरूक और सरल गतिविधियों के दवारा बच्चो मे समझ बनाना है, बच्चो कि रचनात्मक को परखते हुए प्राथमिक शाला मारीं के प्रधान पाठक किशन श्यामकुवर और सहायक शिक्षक मुकेश कोमरे ने बहुत बहुत बधाई दी एंव उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है, इस चित्रकला प्रतियोगिता को सम्पन्न करने मे शाला प्रबंधन समिति मारीं की अध्यक्षिका अनिता यादव, उपाध्यक्ष सुदर्शन कोलियारे, लोचन साहु, पवन साहु, रोहीत कुजांम ,नारायणी साहु, कौशिल्या कोलियारे, शुभो यादव, त्रिभुवन साहु, संगीता ठाकुर, विमला कोमरे, सुना साहु उपस्थिति थे।

लायंस क्लब सिटी ने मेगा हेल्थ शिविर में किया रक्तदान

सम्मानित हुए सदस्य

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। लायंस क्लब सिटी ने मेडिकल कॉलेज पेंड्री एवं जिला चिकित्सालय में आयोजित विशाल मेगा हेल्थ शिविर में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की। इस अवसर पर क्लब की सदस्या एवं जोन चेयर पर्सन लायन शारदा तिवारी जी के मार्गदर्शन में सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर के दौरान लायन (शुभम) टीना अमित खंडेलवाल ने रक्तदान कर समाजसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्हें छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा के वरिष्ठ सदस्य डॉ. रमन सिंह ने रक्तदान प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। डॉ. सिंह ने इस अवसर पर कहा कि लायंस क्लब सेवा कार्य में उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था है।शिविर में संस्था के आशीर्वादक पद्मश्री लायन डॉ. पुखराज बाफ्ना, अध्यक्ष लायन अमित खंडेलवाल, लायन राजा माखीजा, लायन अनिता जैन सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। सभी ने मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. लुका सर, डॉ. प्रकाश खूँटे एवं उनकी पूरी टीम को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं। साथ ही आगामी समय में भी संयुक्त रूप से ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने पर सहमति व्यक्त की। कार्यक्रम की जानकारी संस्था के सचिव लायन मयंक शर्मा ने दी।

गणेश उत्सव सामाजिक व राष्ट्रीय एकता का प्रतीक पर्व

ब्लू डायमंड सिटी कॉलोनी, राजनांदगाँव में धूमधाम से हुआ आयोजन

राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)। गणेश उत्सव सामाजिक एवं राष्ट्रीय एकता का प्रतीक पर्व है इसी भावना के साथ ब्लू डायमंड सिटी कॉलोनी राजनांदगाँव में इस वर्ष गणेशोत्सव का आयोजन पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। दस दिवसीय इस भव्य आयोजन में कॉलोनी के सभी सदस्य परिवारों ने मिलकर श्रद्धा-भक्ति और उमंग के साथ सहभागिता निभाई। महिला मंडल द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं प्रतिदिन कॉलोनी के 4 से 5 परिवारों ने मिलकर विविध व्यंजनों का भोग गणपति बप्पा को अर्पित किया। सभी परिवारों की सक्रिय भागीदारी से वातावरण में भक्ति और सौहार्द का अनूठा संगम देखने को मिला।आयोजन के दौरान प्रतिदिन मंदिर सेवा में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु ममता प्रवीण ठक्कर जी की ओर से सेवा सम्मान मा. रमा अग्रवाल जी और मा. तिवारी आंटी जी को प्रदान किया गया। साथ ही कॉलोनी के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती रेखा दिनेश साहू जी द्वारा कुल 13 बच्चों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बच्चों और उनके अभिभावकों में अपार उत्साह देखा गया। 6 सितम्बर को हवन भण्डारा और गणपति विसर्जन के साथ इस 10 दिवसीय आयोजन का समापन हुआ। पूरे कॉलोनी परिवार ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के गगनभेदी जयघोष के साथ बप्पा को विदाई दी। इस प्रकार ब्लू डायमंड सिटी कॉलोनी का गणेश उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का पर्व सिद्ध हुआ। बल्कि सामाजिक एकता, सामूहिक सहयोग और सांस्कृतिक रंगारंग छटा का भी अद्भुत प्रतीक बनकर यादगार बना।

नवनिर्मित बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट का इको क्लब छात्र-छात्राओं को कराया गया भ्रमण

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शहिद पूर्णानंद साहू शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जंगलपुर के इको क्लब प्रभारी श्रीमती बिंदु तिवारी के मार्गदर्शन में इको क्लब छात्र छात्राओं को ग्राम पंचायत रामपुर में नवनिर्मित बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट का भ्रमण कराया गया छात्र-छात्राओं को भ्रमण के माध्यम से जल संरक्षण के लिए ग्राम रामपुर के सरपंच यतीश सिन्हा ने बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट प्रणाली की प्रक्रिया को विस्तार से बताया उन्होंने बताया की ग्राम रामपुर में बढ़ती आबादी एवं पानी के अति दोहन के कारण जल के अभाव की समस्या उत्पन्न हो गई थी इसलिए जल संरक्षण को लेकर 'मोर गांव मा पानी' अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है इसके तहत बारिश के पानी को नेहरू के द्वारा एक स्थान पर जल ग्रहण किया जा रहा है उसे शख्श कर पुनः भूमि में संग्रहित किया जा रहा है जिससे बंद पड़े बोरवेल वापस से चालू हो सके इसी तरह सोकता गड्ढा, बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट, सोकपीट आदि का निर्माण किया गया इससे सामुदायिक सहभागिता को भी बढ़ावा मिला है सरपंच ने बताया कि बोरवेल रिचार्ज शाफ्ट के द्वारा बहुत अधिक मात्रा में पानी को भूमि में संग्रहित किया जाएगा जो हमारे ग्राम के लिए गौरवकी बात है प्रोजेक्ट वर्क तैयार कर रही विद्यालय की व्याख्याता श्रीमती बिंदु तिवारी एवं उप सरपंच ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए उनके द्वारा जल संरक्षण एवं सस्टेनेबिलिटी पर प्रोजेक्ट तैयार कर विद्यालय के छात्रों को आगे बढ़ने प्रोत्साहित कर रहे हैं उक मौके पर सरपंच उपसरपंच व इको क्लब प्रभारी सहित विद्यालय के छात्र कुमारी गरिमा सिन्हा सरोज साहू तरुण साहू जय साहू रिया सिन्हा आदि उपस्थित थे ।

प्रधानमंत्री के 75 वे जन्मदिन पर एक पेड़ माँ के नाम 2.0अभियान के तहत मिडिल स्कूल गुंगेरी नवागांव में वृक्षारोपण

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गुंगेरी नवागांव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वे जन्मदिन पर एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के अंतर्गत स्कूल मैदान में काजू एवं आंवला फलदार छायादार पेड़ लगाया गया। शिक्षक माधव साहू ने बच्चों को वृक्षारोपण का महत्व बताते हुए कहा कि पेड़ पौधें जल संरक्षण में महत्व भूमिका निभाती है एवं हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन भी प्रदान करता है इसलिए पेड़ पौधों की सुरक्षा अति आवश्यक हैं। इस अवसर पर संकुल समन्वयक नीलमणी साहू, प्रधानपाठक गैंद लाल डहरे, शिक्षक माधव साहू ,शिक्षिका दीपिका साहू, अंजु देवांगन, , टीलेश्वर साहू , अमरनाथ एवं शाला के बच्चे कुमारी विद्या, नागेश्वर साहू,प्रियंका, सुलेखा, धनेश्वरी,मीरा साहू उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com